卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 142 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर ( ऊधमसिंहनगर ) ♦शुक्रवार ♦27 फरवरी 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## सीएम ने किया पूर्णागिरि मेले का शुभारम्भ

टनकपुर (उद संवाददाता)। आस्था और श्रद्धा का केंद्र, उत्तर भारत के प्रसिद्ध माँ पूर्णागिरि मेले का भव्य शुभारम्भ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बीच फीता काटकर किया गया। मुख्यमंत्री ने मेले के औपचारिक उद्घाटन के साथ ही क्षेत्रवासियों को करोड़ों रुपये की विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कर बड़ी सौगात दी। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा भी विशेष रूप से मौजूद रहे। बता दें माँ पूर्णागिरि मंदिर, टनकपुर के पास स्थित एक अत्यंत पवित्र सिद्धपीठ है, जहाँ नवरात्रि के दौरान लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मेला न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत



का प्रतीक है, बल्कि इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई ऊर्जा मिलती है। उन्होंने कहा कि सरकार श्रद्धालुओं को विश्वस्तरीय सुविधाएँ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि टनकपुर-चंपावत क्षेत्र को एक प्रमुख पर्यटन और आध्यात्मिक हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत माँ पूर्णागिरि धाम के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रस्तावित रोपवे परियोजना का काम तेजी से चल रहा है, जिससे भविष्य में यात्रा अधिक सुगम और यादगार बनेगी। इसके साथ ही, शारदा घाट का सौंदर्यीकरण कर इसे एक आकर्षण केंद्र बनाने की योजना पर भी काम जारी है। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि उनकी सरकार का लक्ष्य स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना है। पूर्णागिरि मेला क्षेत्र में पर्यटन बढ़ने से स्थानीय लोगों के लिए आय के साधन बढ़ेंगे। उन्होंने प्रशासन को मेले के दौरान स्वच्छता, सुरक्षा और पानी-बिजली की सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री अजय टम्टा ने भी अपने विचार साझा किए और कहा कि केंद्र और राज्य (शेष पृष्ठ सात पर)

## टेंट हाउस के गोदाम में भीषण आग, लाखों का सामान राख

हरिद्वार (उद संवाददाता)। कनखल क्षेत्र में टेंट हाउस के गोदाम में भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। गोदाम में आग की लपटों को देखकर आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्राथमिक जांच में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की बात सामने आई है।गुरुवार देर रात अचानक कनखल स्थित गीता टेंट हाउस के गोदाम से धुंआ निकलते देखा गया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग को देखकर आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हुए और आग को बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं



मिली। इसी बीच फायर ब्रिगेड की टीम को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन मायापुर की टीम मौके पर पहुंची और आग को बुझाने का प्रयास शुरू किया गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मौके पर तीन अतिरिक्त गाड़ियां और बुलानी पड़ीं। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।हालांकि इस अग्निकांड में टेंट हाउस का अधिकांश सामान जलकर राख हो गया, लेकिन राहत की बात यह रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। सीएफओ वंश(शेष पृष्ठ सात पर)


## जिम के ताले टूटे, नकदी समेत हजारों का सामान पार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत दानपुर स्थित एक जिम को निशाना बनाते हुए अज्ञात चोर ने हजारों की नगदी और कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की यह वारदात सीसीटीवी में भी कैद हुई है, हालांकि शातिर चोर ने पहचान छुपाने की नीयत से जिम का विद्युत कनेक्शन भी काट दिया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। खुशी विला, मटकोटा निवासी मनीष मेहता पुत्र मोहन सिंह मेहता ने पुलिस को दी तहरीर(शेष पृष्ठ सात पर)

## कंपनी के 4.86 लाख डकार कर कर्मचारी फरार

### कोर्ट के आदेश पर एटीएल के खिलाफ मुकदमा दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रुद्रपुर के दानपुर स्थित एक नामी डिलीवरी कंपनी में लाखों रुपये के गबन का मामला प्रकाश में आया है। कंपनी के ही एक जिम्मेदार पद पर तैनात कर्मचारी ने बाजार से एकत्र की गई करीब पौने पांच लाख रुपये की धनराशि कंपनी के खाते में जमा करने के बजाय हड़प ली और फरार हो गया। पुलिस द्वारा सुनवाई न होने पर पीड़ित पक्ष ने न्यायालय की शरण ली, जिसके बाद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। डेलीवेरी लिमिटेड शाखा दानपुर (बिन्दुखेड़ा रोड) में सिक्योरिटी इंचार्ज के पद पर तैनात रविन्द्र पुत्र खिलापी लाल ने न्यायालय को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि बरेली निवासी पंकज गंगवार पुत्र धर्मपाल कंपनी में असिस्टेंट टीम लीडर के पद पर कार्यरत था। पंकज की मुख्य जिम्मेदारी यह थी कि वह दिन भर डिलीवरी बॉयज द्वारा मार्केट से वसूल की गई नगदी को एकत्रित करे और उसे सुरक्षित रूप से कंपनी के बैंक खाते में जमा कराए। आरोप है कि अप्रैल 2025 में पंकज के पास कंपनी की बड़ी धनराशि जमा हो गई थी। विवरण के अनुसार, 5 अप्रैल 2025 से पूर्व उसके पास 13,568 रुपये थे। इसके बाद 9 अप्रैल 2025 तक उसने अलग-अलग किस्तों में 4,48,676 रुपये और 24,000 रुपये और एकत्र किए। इस प्रकार कुल 4,86,244 रुपये की नगदी उसके पास जमा हो गई। आरोप है कि इतनी बड़ी रकम हाथ में आते ही पंकज की नीयत डोल गई। उसने इस धनराशि को बैंक में जमा करने के बजाय बेईमानी से हड़प लिया और कंपनी को (शेष पृष्ठ सात पर)



**तेरहवीं/ब्रम्हभोज**

बड़े दुख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरे पूजनीय पति स्व. श्री जनक राज दलहोत्रा (काकू) जी का स्वर्गवास दिनांक 16.02.2026 सोमवार को हो गया है, जिनकी आत्मिक शांति हेतु 28 फरवरी 2026 दिन शनिवार को शान्ति पाठ प्रातः 11 से 12 बजे एवं ब्रह्मभोज दोपहर 1 बजे से निवास स्थान म.नं. जी-18, गली नं. 09, सिंह कालोनी, रूद्रपुर में होगा।

**शोकाकुल परिवार**

राजकुमार (भाई)
अजित कुमार-श्रष्ठा देवी (भाई-भाभी)
मीनू-नारायण दास (पुत्री-दामाद)
समस्त संबंधी परिवार

श्रीमती रजनी रानी दलहोत्रा (पत्नी)
हरीश सृष्टि, अरूण-संगीता (पुत्र-पुत्रवधु)
गली नं. 09, सिंह कालोनी, रूद्रपुर
मो. 7417127606, 8279681400

**प्रतिष्ठानः- काकू टी-स्टाल, काकू ट्रांसपोर्ट कम्पनी, गल्ला मण्डी, रूद्रपुर**

## एसएसपी ने परेड में जवानों के साथ लगाई दौड़

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में शुक्रवार को पुलिस लाइन रूद्रपुर में साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। परेड का सर्वप्रथम वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान परेड में सम्मिलित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के टर्नआउट, वर्दी, अनुशासन एवं शारीरिक दक्षता का बारीकी से परीक्षण किया गया। एसएसपी ने जवानों का उत्साहवर्धन करते हुए स्वयं परेड ग्राउंड में उनके साथ दौड़ लगाई, जिससे पुलिस बल में जोश एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। इसके



उपरांत जवानों को ड्रिल एवं स्क्वाड ड्रिल का अभ्यास कराया गया। साथ ही शस्त्राभ्यास भी संपन्न कराया गया, जिसमें शस्त्र संचालन की दक्षता एवं आपात परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया की तैयारी को परखा गया। परेड समाप्ति के पश्चात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा (शेष पृष्ठ सात पर)

## ई रिक्शा और बाइक की जोरदार भिड़ंत, 13 घायल

किच्छा (उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नवीन मंडी के पास एनएच 74 सर्विस लाइन पर क्रॉस कर रहे एक टुकटुक एवं मोटरसाइकिल की आपस में हुई भिड़ंत में 13 लोग घायल हो गए। इस हादसे में 6 लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है, जबकि चार लोगों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शेरगढ़ से 11 महिलाओं को टुकटुक में भरकर चालक किच्छा स्थित एक फैक्ट्री में मजदूरी के लिए ला रहा था। किच्छा स्थित नवीन मंडी के पास सर्विस लाइन पर स्थित क्रॉस के पास दूसरी दिशा से क्रॉस कर रहे मोटर साइकिल से टुकटुक की भिड़ंत हो गई, जिससे मोटरसाइकिल एवं टुकटुक दुर्घटनाग्रस्त होकर पलट गए। टुकटुक के पलटने से उसमें सवार सभी सवारियां नीचे दब गईं तथा मोटर साइकिल चालक एवं मोटर साइकिल में सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।सड़क दुर्घटना की सूचना पर आसपास के लोगों ने तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित किया और घायलों को टुकटुक से बाहर निकालकर (शेष पृष्ठ 7 पर)



## पाण्डे की राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात, सियासी हलचल तेज

नई दिल्ली।गदरपुर के विधायक अरविंद पांडे ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात के बाद प्रदेश की राजनीति में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। बताया जा रहा है कि दोनों नेताओं के बीच लगभग 30 मिनट तक संगठनात्मक मुद्दों, क्षेत्रीय राजनीतिक परिस्थितियों और आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। राजनीतिक सूत्रों के अनुसार, एक माह के भीतर विधायक पांडे और राष्ट्रीय नेतृत्व के बीच यह दूसरी मुलाकात है, जिससे इस बैठक के विशेष महत्व के



कयास लगाए जा रहे हैं। विश्लेषकों का मानना है कि संगठनात्मक मजबूती, आगामी चुनावी रणनीति और क्षेत्रीय संतुलन जैसे विषय बातचीत के केंद्र में रहे हो सकते हैं। इससे एक दिन पहले प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट(शेष पृष्ठ सात पर)

### वरिष्ठ नेताओं संग रेल मंत्री से मिले अरविंद पांडे

नई दिल्ली/उधम सिंह नगर। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात के बाद गदरपुर के विधायक अरविंद पांडे ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भी भेंट की। रेल भवन, नई दिल्ली में हुई इस महत्वपूर्ण बैठक में जनपद उधम सिंह नगर के रेलवे परिसरों में छोटे दुकानदारों और कारोबारियों पर बढ़ाए गए किराये का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। विधायक पांडे ने बताया कि काशीपुर, बाजपुर, गूलरभोज, (शेष पृष्ठ 7 पर)



# घनसाली को मिली विकास योजनाओं की सौगात

## मुख्यमंत्री ने घनसाली में किया 41.21 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को जनपद टिहरी के घनसाली में 41.21 करोड़ की विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया, जिसमें 13.43 करोड़ रूपए की 03 योजनाओं का लोकार्पण एवं 27.78 का शिलान्यास हो चुका है उनका कार्य रुकना नहीं चाहिए और उनका शीघ्र लोकार्पण भी सुनिश्चित किया जाएगा। प्रदेश सरकार पहाड़ों में सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि इच्छाशक्ति हो तो संसाधनों की कमी भी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है और शीघ्र की घनसाली क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं व्यवस्थित की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय इंद्रमणी बडोनी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए क्षेत्र की प्रमुख मांगों पर प्राथमिकता से कार्य किये जाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश जाएगा। इस अवसर पर विधायक घनसाली शक्तिलाल शाह ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए घनसाली को 30 बेड अस्पताल, तीनगढ़ में पुनर्वास, बालगंगा पुल हेतु धनराशि स्वीकृति, विद्यालय भवन निर्माण एवं बिजलीघर शिलान्यास जैसे कार्यों के लिए आभार पीएमजीएसवाई की धमातोली से घनसाली अखोड़ी मोटर मार्ग वाया चांजी मोटर मार्ग अपग्रेडेशन, नागेश्वर सौड से गोना वाया सरकंडा मोटर मार्ग अपग्रेडेशन तथा विकासखंड भिलंगना के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज कोट विशन में भवन का पुन: निर्माण कार्य का निर्माण कार्य, विकासखण्ड भिलगना के गंगी में स्वास्थ्य उपकेन्द्र गंगी का निर्माण कार्य तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पिलखी का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उच्चीकरण का निर्माण कार्य शामिल है। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, जिलाधिकारी







करोड़ रूपए की 05 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पिलखी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में उच्चीकरण किये जाने का भी शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अस्पताल हेतु भूमि दान करने वाले कृष्णा गैरोला एवं उनके परिवार को भी सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन योजनाओं दूर की जा सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से प्रत्येक परिवार को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक के नि:शुल्क उपचार की सुविधा मिल रही है तथा डीबीटी के माध्यम से योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पारदर्शिता के साथ पहुंच रहा है। नंदा गौरा योजना के तहत बेटियों को 51 हजार रुपये की सहायता दी जा रही है। प्रदेश में आधुनिक स्वास्थ्य में अब तक हजारों युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया है और अवैध अतिक्रमण हटाकर सरकारी भूमि कब्जा मुक्त कराई गई है। मुख्यमंत्री ने पिलखी बेलेश्वर क्षेत्र में उप-चिकित्सालय स्थापित करने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने सभी को होली की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि उन्हें सौंपें गये ज्ञापन में शामिल योजनाओं को भी मुख्यमंत्री घोषणा में शामिल किया व्यक्त किया। उन्होंने क्षेत्र की 37 सूत्रीय मांगें भी रखीं, जिनमें अखोडी का उच्चीकरण, थाती भटवाड़ा में बाढ़ सुरक्षा कार्य, धमातोली हाईस्कूल का इंटर कॉलेज में उच्चीकरण, ब्लॉक मुखयालय में मिनी स्टेडियम, कोठार-सौड़ सड़क निर्माण तथा गेंवली बुद्धकेदार व पिंडवाड़ में उप स्वास्थ्य केंद्र स्थापना प्रमुख रही। मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पण की गई योजनाओं में शामिल है। जबकि शिलान्यास की गई योजनाओं में विश्व बैंक द्वारा पोषित यू-प्रिपेयर योजना के अन्तर्गत घनसाली में हनुमान मन्दिर के समीप 50 मीटर इण्टरमीडियेट लेन स्टील गर्डर मोटर सेतु का निर्माण कार्य, विकास खण्ड भिलंगना के अन्तर्गत तहसील बालगंगा के अनावासीय भवन का निर्माण कार्य विकास खण्ड भिलंगना के अन्तर्गत तहसील बालगंगा के अवासीय भवन नितिका खण्डेलवाल, एसएसपी आयुष अग्रवाल, सीडीओ वरुणा अग्रवाल, राज्यमंत्री (उपाध्यक्ष) हस्तशिल्प व हथकरघा वीरेंद्र दत्त सेमवाल, ब्लॉक प्रमुख राजीव कंडारी, नगर पंचायत अध्यक्ष घनसाली आनंद बिष्ट, नगर पंचायत अध्यक्ष चमियाला गोविंद सिंह राणा, सीएमओ डॉ श्याम विजय, अनुसूचित आयोग सदस्य सुनीता देवी सहित बड़ी संख्या क्षेत्रीय जनता मौजूद रही।

# राज्य अंतर-विश्वविद्यालय खेल महोत्सव का भव्य समापन

पंतनगर (उद संवाददाता)। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा राज्यपाल ले ज गुरमीत सिंह की प्रेरणा से आयोजित चार-दिवसीय उत्तराखंड अंतर विश्वविद्यालय खेल महोत्सव का गरिमामय एवं ऐतिहासिक समापन हुआ। इस प्रतिष्ठित आयोजन में उत्तराखण्ड राज्य के 10 विश्वविद्यालयों ने प्रतिभाग किया। उत्तराखंड राज्य बनने के 25 वर्श में यह पहला अवसर था जबकि खेल एवं क्रीड़ा के लिए राज्य के 10 विश्वविद्यालय एकत्रित हुआ। विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर मनमोहन सिंह चौहान के नेतृत्व में यह महोत्सव सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस महोत्सव में 722 खिलाडी जिसमें 412 पुरूश एवं 310 महिला प्रतिभागी उत्साहपूर्वक खेल भावना, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया। चार दिनों तक चले इस महोत्सव में एथलेटिक्स, दौड़, कबड्डी, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, फुटबॉल, बैडमिंटन सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। विष्वविद्यालय परिसर खेल उत्साह, ऊर्जा और



प्रतिस्पर्धात्मक भावना से सरोबार रहा।400 मीटर रिले पुरूश वर्ग में गोविन्द बल्लभ पंत कृशि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय, पंतनगर प्रथम, हेमवती नंदन बहुगुणा उत्तराखंड चिकित्सा शिक्षा विष्वविद्यालय, देहरादून द्वितीय एवं दून विष्वविद्यालय, देहरादून तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं महिला वर्ग में उत्तराखण्ड संस्कृति विष्वविद्यालय, हरिद्वार प्रथम, सोबन सिंह जीना विष्वविद्यालय, अल्मोड़ा द्वितीय एवं कुमाऊँ विष्वविद्यालय, नैनीताल तृतीय स्थान पर रहें। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विष्वविद्यालय के कुलपति ने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का मंच नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की सशक्त प्रक्रिया है। यह महोत्सव युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, समर्पण और सहयोग की भावना को विकसित करने का प्रभावी माध्यम सिद्ध हुआ है। पंतनगर विष्वविद्यालय प्रदेश में खेल संस्कृति को सुदृढ़ करने और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को उच्च स्तर तक पहुँचाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा। कुलसचिव डा. दीपा विनय द्वारा विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में विजेता टीम/खिलाड़ी के बारे में विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं आयोजक सचिव डा. ए.एस. जीना द्वारा सभी का स्वागत किया गया। समापन समारोह में विष्वविद्यालय के अधिश्ठाता, निदेषकगण, प्राध्यापकगण, खेल अधिकारी, आयोजन समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय में होली मिलन की धूम

रामनगर (उद संवाददाता)। पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आगामी होली पर्व को लेकर गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान होली गीतों पर छात्र-छात्राएं जमकर थिरकते नजर आए। विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। इस दौरान छात्र संघ उपाध्यक्ष मनोज पांडे ने बताया कि



महाविद्यालय में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम को लेकर छात्र-छात्राओं में भारी उत्साह देखने को मिला। उन्होंने सभी से होली के इस त्यौहार को आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि होली आपसी मनमुटाव भुलाकर खुशियां बांटने का पर्व है, जिसे सभी को मिलजुलकर और उत्साह के साथ मनाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान भारी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे और परिसर होली के रंगों में सराबोर नजर आया।

# कार पार्किंग विवाद में युवक से मारपीट, मुकदमा हुआ दर्ज

किच्छा। नगर के आवास विकास क्षेत्र में कार पार्किंग को लेकर हुए विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पीड़ित युवक की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बहेड़ी निवासी अरुण शर्मा किच्छा के वार्ड नंबर 11 स्थित एक कार्यालय में कार्यरत है। गुरुवार दोपहर लगभग 2:30 बजे वह अपने मालिक की कार आवास विकास गेट के पास पार्क करने पहुंचा। वहां पहले से मौजूद एक युवक और उसकी मां ने वाहन खड़ा करने पर आपत्ति जताई, जिससे कहासुनी हो गई। आरोप है कि इस दौरान अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। विवाद बढ़ता देख शर्मा वाहन पार्क कर वापस कार्यालय लौट गया। कुछ देर बाद आरोपित युवक 15-20 लोगों के साथ कार्यालय के बाहर पहुंच गया। आरोप है कि सभी ने गाली-गलौज करते हुए शर्मा को बाहर बुलाया, बाल पकड़कर जमीन पर गिरा दिया और लात-घूंसों से मारपीट की। बीच-बचाव करने आए कर्मचारियों के साथ भी हाथापाई की गई। पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने जान से मारने की धमकी दी। मारपीट में उसके सिर और शरीर पर चोटें आईं, जिसके बाद उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार कराना पड़ा। घटना की सूचना डायल 112 पर भी दी गई। पीड़ित के अनुसार पूरी घटना कार्यालय परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद है। अरूण शर्मा के साथ हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए किच्छा निवासी फरद, फैसल, सारीन तुर्क, मोन्टी, बिलाल सहित एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



# समालखा में 26वां निरंकारी क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के मागदर्शन में आध्यात्मिक चेतना, मानवीय मूल्यों और खेल भावना के दिव्य समन्वय को साकार करते हुए 26वें बाबा गुरबचन सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारम्भ संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा (हरियाणा) में श्रद्धा, अनुशासन और सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ। यह आयोजन न केवल खेल प्रतिस्पर्धा का प्रतीक है, बल्कि मानवता, एकता और सामूहिक प्रगति के संदेश को भी उजागर करता है। 26 फरवरी से 10 मार्च 2026 तक आयोजित होने वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में देश के विभिन्न राज्यों से चयनित 24 श्रेष्ठ टीमें सहभागिता कर रही हैं। इनमें पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, जम्मू, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र, ओडिशा, कोलकाता, गुजरात, दिल्ली एवं दिल्ली एन.सी.आर. से आए युवा खिलाड़ी, खेल के माध्यम से अनुशासन, संयम और भातृभाव का सजीव परिचय प्रस्तुत कर पंजीकरण प्राप्त हुए हैं। यह आयोजन न केवल खेल प्रतिभा को निखारता है, बल्कि आत्मसंयम, एकता और आध्यात्मिक चेतना को भी दृढ़ करता है। इस टूर्नामेंट की आधारशिला बाबा हरदेव सिंह जी द्वारा बाबा गुरबचन सिंह जी की पावन स्मृति में रखी गई थी। बाबा गुरबचन सिंह जी का टूर्नामेंट 2000 में लुधियाना से प्रारंभ हुआ और 2021 के बाद भी उसी उद्देश्य से निरंतर चल रहा है। बाबा गुरबचन सिंह जी के अनुसार "शरीर स्वस्थ होगा तभी भक्ति हो सकती है", क्योंकि मानव तन परमात्मा की प्राप्ति का माध्यम है। खेल हमें सिखाते हैं कि परिस्थिति कैसी भी हो, मनोस्थिति




रहे हैं। मैदान पर उनका समर्पण, मर्यादित आचरण और सेवा भाव इस आयोजन को केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि प्रेरणा का उत्सव बना रहा है। इस आयोजन का संचालन संत निरंकारी मंडल के सचिव जोगिंदर सुखीजा के नेतृत्व में किया जा रहा है। कार्यक्रम की जानकारी देते उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट को लेकर युवाओं में अपार उत्साह देखने को मिल रहा है तथा सहभागिता के लिए उल्लेखनीय संख्या में सदैव यह विश्वास रहा कि खेलों के माध्यम से युवा शक्ति को संयम, अनुशासन और सेवा के मार्ग पर अग्रसर किया जा सकता है। इस आयोजन में संत निरंकारी मंडल की प्रधान श्रीमती राजकुमारी तथा केंद्रीय योजना एवं सलाहकार बोर्ड के उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह के अतिरिक्त मंडल के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहेइस अवसर पर खिलाड़ियों को आशीर्वचन देते हुए श्रीमती राजकुमारी जी ने कहा कि 26वां संतुलित रहे और जीत-हार से ऊपर उठकर प्रेम, नम्रता व भाईचारे की भावना बनी रहे। स्वस्थ शरीर से ही हम सेवा में योगदान दे सकते हैं और भक्ति में आनंद प्राप्त करते हैं। खेलों से सहनशीलता, मर्यादा व अनुशासन के गुण विकसित होते हैं। "थकना नहीं, अकना नहीं, झुकना नहीं" की भावना के साथ निरंकार से अरदास है कि सभी स्वस्थ रहें, खेल भावना से आगे बढ़ें और प्रेम व खुशियों के साथ जीवन जिएं।



# उत्तराखंड के थानों में ई-मेल से भी दर्ज हो सकती है एफआईआर

## अधिकतर थाना प्रभारियों की ई-मेल आई.डी. पुलिस विभाग की अधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध

काशीपुर। अब उत्तराखंड के थानों में अपराधों की एफआईआर ई-मेल के माध्यम से भी दर्ज करायी जा सकती है। इसके लिये उत्तराखंड के अधिकतर थानों के प्रभारियों की ई-मेल आई.डी. पुलिस विभाग की अधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। यह जानकारी उत्तराखंड पुलिस मुख्यालय के लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन को उपलब्ध करायी गयी सूचना में दी गयी है। काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन (एडवोकेट) ने उत्तराखंड पुलिस मुख्यालय के लोक सूचना अधिकारी से उत्तराखंड के सभी थानों के थाना प्रभारी/प्रभारी निरीक्षकों के कार्यालयों की ई-मेल आई.डी. की सूची जिन पर ई-मेल भेजकर एफ.आई.आर. दर्ज करायी जा सकती हैं, की सूचना चाही थी। इसके उत्तर में लोक सूचना अधिकारी/पुलिस अधीक्षक (प्रो0/मोर्ड0) ममता वोहरा ने अपने पत्रांक 580 के साथ पुलिस अधीक्षक एस.सी.आर.बी. विशाखा अशोक भदाणे के पत्रांक 16/2010 की प्रति उपलब्ध करायी है।श्री नदीम को उपलब्ध सूचना के अनुसार उत्तराखंड के सभी थानों के थाना प्रभारी/प्रभारी निरीक्षकों के कार्यालयों की ई-मेल आई.डी. जिन पर ई-मेल भेजकर एफ.आई.आर. दर्ज करायी जा सकती है, उत्तराखंड पुलिस की वेबसाइट uttarakhandpolice .uk.gov.in पर उपलब्ध है। श्री नदीम ने बताया कि प्रथम अपील के बाद मिली जानकारी के अनुसार उत्तराखंड पुलिस विभाग की अधिकारिक वेबसाइट के होमपेज पर "Know Your Police Station' को क्लिक करके जिला व थाना सलैक्ट करने पर सम्बन्धित थाना/कोतवाली के क्षेत्र , थाना प्रभारी




तथा इससे सम्बन्धित पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) के फोन नं0, मोबाइल नं0 तथा ई-मेल आई.डी. की जानकारी मिल जाती है। यद्यपि कुछ थानों के प्रभारियों की ई-मेल आई.डी. इसमें उपलब्ध नहीं हैं। इन्हें उपलब्ध कराने के लिये श्री नदीम द्वारा पुलिस मुख्यालय से निवेदन किया गया है।सरल फौजदारी कानून, तथा बी. एन.एस. का परिचय सहित 46 कानूनी व जागरूकता पुस्तकों के लेखक नदीम उद्दीन ने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 173 के अन्तर्गत इलैक्ट्रानिक संसूचना द्वारा किसी भी पुलिस थाने के भारसाधक अधिकारी को संज्ञेय (गंभीर) अपराधों की एफ.आई. आर/रिपोर्ट करने का प्रावधान किया गया है। इसके लिये उत्तराखंड सरकार द्वारा उत्तराखंड भारतीय नागरिक सुरक्षा नियमावली 2024 में विस्तृत प्रावधान किये गये है। इससे एफ.आई.आर दर्ज कराने के नाम पर उत्पीड़न व भ्रष्टाचार तथा सिफारिशों के आरोपों में भी कमी आयेगी। उत्तराखंड भारतीय नागरिक सुरक्षा नियमावली 2024 के नियम 9(4) के अनुसार इलैक्ट्रानिक संचार माध्यम से प्राप्त संदेश को डाउनलोड करके थाने के कम्प्यूटर में रखा जायेगा तथा ई- शिकायत रजिस्टर में दर्ज किया जायेगा। थाना प्रभारी परिवादी को शिकायत पर हस्ताक्षर करने संदेश देने के तीन दिनों के भीतर पुलिस थाने में आने के लिये इलैक्ट्रानिक माध्यम से सूचित करेगा ताकि कानून के अनुसार आगे कार्यवाही की जा सके। यदि शिकायतकर्ता संदेश ई-मेल से भेजने के तीन दिन के बाद उपस्थित होता है तो इसे नई जानकारी के रूप में मानते हुये कार्यवाही की जायेगी। इस नियम में यह भी स्पष्ट किया गया हैं कि यदि इलैक्ट्रानिक संचार माध्यम से प्राप्त सूचना किसी गंभीर अपराध को इंगित करती हैं तो पुलिस थाने का प्रभारी या तो स्वयं या किसी उपनिरीक्षक या उससे उच्च स्तर के अधिकारी को अपराध स्थल पर तत्काल जाने और आवश्यक कानूनी कार्यवाही करने को निर्देशित करेगा।

# खेड़ा ईदगाह में नमाज अदा करने की अनुमति मांगी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड उलेमा कौंसिल एवं मुस्लिम समाज के एक शिष्टमंडल ने एसएसपी से मुलाकात कर उनसे खेड़ा कॉलोनी स्थित ईदगाह में नमाजे ईद अदा करने



की अनुमति देने का आग्रह करते हुए ज्ञापन सौंपा। शिष्टमंडल ने कहा कि इस्लाम का पवित्र महीना रमजानुल मुबारक दिनांक 19 फरवरी, से शुरू हो चुका है। इस माहे मुबारक में मुसलमान रोजा रखते हैं और रात मरिजदों में तरावीह की नमाज अदा करते है। उन्होंने ताया ये महीना विशेष तौर पर दुआ, बरकत, इबादत और खैर का है। इसलिए नगर भर में विशेष कर मस्जिदों के करीब सुरक्षा एवं ट्रैफिक व्यवस्था आदि का माकूल बन्दोबस्त किया जाये।उन्होंने कहा कि रुद्रपुर नगर की ईदगाह जो कि खेड़ा कालोनी में स्थित है, जहां नगर व आसपास के देहात से करीब 15 से 20 हजार लोग आकर नमाजे ईद अदा करते है। विगत दिर्नो नगर निगम द्वारा वहां अवैध अतिक्रमण बताकर कार्यवाही करते हुए ईदगाह को सीमित कर दिया गया है। अब वहां तकरीबन 1000 से 1500 लोग ही नमाज अदा कर पायेंगे। नगर निगम की इस कार्यवाही से शहर भर के मुसलमानों में काफी रोष है। अब जबकि ईद में तकरीबन 22 दिन का समय शेष रह गया है। अत: जिला प्रशासन से विचार विमर्श करके ईदगाह मे परम्परागत नमाजे ईद करने की अनुमति दी जाये, ताकि हर वर्ष की तरह मुसलमान अच्छे महौल में नमाजे ईद अदा कर सके और नगर का वातावरण सौहार्दपूर्ण बना रहे। शिष्टमंडल में मौलाना जाहिद रजा रिजवी, अध्यक्ष, उलेमा कौन्सिल, हाजी रईस खान सदर, जामा मस्जिद, इरशाद असारी, सचिव, जामा मस्जिद, साहिब खान कोषाध्यक्ष जामा मस्जिद, तालिब खांन उपसचिव जामा मस्जिद.हाजी खुर्शीद, सदस्य. जामा मस्जिद.मुहम्मद आरिफ सदस्य. जामा मस्जिद. छोटू भाई, सदस्य, जामा मस्जिद आदि शामिल थे।

# फुटेला दंपत्ति ने लिया देहदान का संकल्प

गदरपुर। समाज में सेवा और जागरूकता का संदेश देते हुए फुटेला दंपत्ति ने देहदान का संकल्प लिया है। उन्होंने औपचारिक रूप से देहदान का फॉर्म भरकर यह घोषणा की कि मृत्यु के उपरांत उनका शरीर मेडिकल रिसर्च और चिकित्सा शिक्षा के कार्यों में उपयोग किया जाए। इस पहल को सामाजिक जिम्मेदारी की दिशा में एक प्रेरक कदम माना जा रहा है। देहदान का यह संकल्प



अनमोल संकल्प सिद्धि फाउंडेशन की अध्यक्षा सुचित्रा पंकज जायसवाल की उपस्थिति में लिया गया। उन्होंने स्वयं फॉर्म भरवाते हुए बताया कि समाज में अभी भी देहदान को लेकर जागरूकता की कमी है, जबकि चिकित्सा शिक्षा और शोध के लिए मानव शरीर की आवश्यकता अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उनका कहना था कि यदि अधिक लोग आगे आएं तो भविष्य के डॉक्टरों को बेहतर प्रशिक्षण मिल सकेगा और चिकित्सा अनुसंधान को नई दिशा मिलेगी। फुटेला दंपत्ति को इस निर्णय के लिए आध्यात्मिक शिक्षक आचार्य प्रशांत के विचारों से प्रेरणा मिली। आचार्य प्रशांत अक्सर अपने प्रवचनों में कहते हैं कि "यह शरीर अंतत: मिट्टी में मिल जाना है, तो क्यों न जाते-जाते किसी के काम आ जाए।" इसी सोच को आत्मसात करते हुए दंपत्ति ने सामाजिक उपयोगिता को प्राथमिकता दी। उनका मानना है कि सच्ची आध्यात्मिकता केवल विचारों तक सीमित नहीं, बल्कि व्यवहार में दिखाई देनी चाहिए। फाउंडेशन की ओर से बताया गया कि 7 मार्च को इस मानवीय संकल्प के लिए फुटेला दंपत्ति को नैनीताल में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में नैनीताल के जिलाधिकारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और समाज के सामने इस पहल को उदाहरण के तौर पर प्रस्तुत किया जाएगा। चिकित्सकों के अनुसार, देहदान से मेडिकल कॉलेजों में अध्ययनरत छात्रों को मानव शरीर की संरचना को समझने का वास्तविक अवसर मिलता है। यह चिकित्सा विज्ञान के विकास की आधारशिला है।

# हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

गदरपुर (उद संवाददाता)। आगामी 28 फरवरी को नगर में आयोजित होने वाले भव्य हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर गुरुवार को नगर पालिका कार्यालय में एक विशेष बैठक संपन्न हुई। बैठक में नगर के गणमान्य नागरिकों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आयोजन को ऐतिहासिक बनाने का



संकल्प लिया।प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा और नगर पालिका अध्यक्ष मनोज गुम्बर मिंटू ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि संगठित हिंदू, समर्थ भारत के मूल मंत्र के साथ यह सम्मेलन शनिवार, 28 फरवरी को श्री सनातन धर्म मंदिर, बुध बाजार में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन का मुख्य आकर्षण दो महान आध्यात्मिक विभूतियां होंगी। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में रुद्रपुर स्थित श्री दूधिया बाबा मंदिर के पीठाधीश्वर पूज्य संत शिवानंद जी महाराज और भजनगढ़ आश्रम के महंत विक्रमजीत सिंह लाल अपने प्रवचनों से धर्मप्रेमियों का मार्गदर्शन करेंगे।बैठक के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना और संघ संचालक दीपक सुधा ने नगरवासियों से अपील की कि वे सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलने वाले इस गौरवमयी आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पूज्य संतों के विचारों का लाभ उठाएं। उपस्थित पदाधिकारियों ने सम्मेलन की सफलता हेतु पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।इस महत्वपूर्ण बैठक में सभासद रमन छाबड़ा, सचिन गुप्ता, अश्वनी कुमार, मुकेश चावला सहित पालिका के कर्मचारी और पर्यावरण मित्र भी उपस्थित रहे।

# अश्विनी फाइटर्स एकेडमी कुमाऊँ में आयोजित करेगी नि:शुल्क आत्मरक्षा कैंप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महिलाओं और युवाओं को आत्मनिर्भर एवं सुरक्षित बनाने की दिशा में अश्विनी फाइटर्स एकेडमी ने एक सराहनीय पहल शुरू की है। एकेडमी ने पूरे कुमाऊँ क्षेत्र में 20 से अधिक नि:शुल्क सेल्फ डिफेंस (आत्मरक्षा) कैंप आयोजित करने की घोषणा की है। इन कैंपों की खास बात यह है कि इसमें प्रतिभागियों को केरल की सुप्रसिद्ध और दुनिया की सबसे पुरानी युद्ध कला कलरिपयट्टू के गुर सिखाए जाएंगे।अकादमी के सह-संस्थापक मनोज बघेल एवं संस्थापक व अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता मास्टर कोच अश्विनी बघेल ने बताया कि कलरिपयट्टू लगभग 3000 साल पुरानी वैज्ञानिक तकनीक है, जिसमें शारीरिक शक्ति, संतुलन और शरीर के संवेदनशील बिंदुओं पर प्रहार करना सिखाया जाता है। इसमें



लाठी, तलवार, ढाल और भाले जैसे पारंपरिक हथियारों का उपयोग भी शामिल है। उन्होंने कहा कि आज के समय में आत्मरक्षा का ज्ञान होना अनिवार्य है। इस अभियान का उद्देश्य कुमाऊँ के हर शहर, कस्बे और विद्यालय तक प्रशिक्षण पहुँचाना है ताकि महिलाएं और बच्चे स्वयं को सुरक्षित महसूस कर सकें। इन कैंपों में व्यावहारिक सेल्फ डिफेंस, पारंपरिक लाठी मार्शल आर्ट्स, मानसिक मजबूती और फिटनेस के बारे में जानकारी दी जाएगी। गौरतलब है कि अश्विनी फाइटर्स एकेडमी अब तक 20,000 से अधिक विद्यार्थियों को प्रशिक्षित कर चुकी है और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीत चुकी है। एकेडमी ने रूद्रपुर के विद्यालयों और सामाजिक संगठनों से अपील की है कि वे इस सामाजिक पहल से जुड़कर अपने क्षेत्र में कैंप आयोजित करवाएं।

# मतदाता सत्यापन अभियान में तेजी लाने के निर्देश

गदरपुर। तहसील गदरपुर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में वर्तमान में संचालित (पूर्व विशेष पुनरीक्षण) प्रक्रिया के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन 35 बूथों के सुपरवाइजर एवं बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) को बुलाया गया, जहां प्रगति 65 प्रतिशत से कम पाई गई है।उपजिलाधिकारी महोदया ने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि एक सप्ताह के भीतर प्रगति प्रतिशत को बढ़ाकर न्यूनतम 85 प्रतिशत तक पहुंचाया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।बैठक में सुपरवाइजरों को निर्देशित किया गया कि वे प्रतिदिन अपने-अपने बूथों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें तथा कार्य की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें।



बीएलओ को घर-घर सत्यापन कार्य में तेजी लाने और शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के लिए गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए गए।उपजिलाधिकारी महोदया ने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता एवं अद्यतनकरण लोकतांत्रिक प्रक्रिया की आधारशिला है, इसलिए सभी संबंधित अधिकारी पूरी जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य करें।प्रशासन द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि निर्धारित समयावधि में लक्ष्य पूरा न करने पर संबंधितों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# अंबेडकर पार्क में बाबा साहब को दी श्रद्धांजलि

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारतीय संविधान के प्रारूप को संविधान सभा के समक्ष प्रस्तुत किए जाने के ऐतिहासिक अवसर पर गुरुवार को अंबेडकर पार्क में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान भाजपा जिला मंत्री एडवोकेट प्रमोद मित्तल और कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि इंजीनियर जितेंद्र गौतम ने साथियों के साथ बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किए।कार्यक्रम के दौरान समाज के प्रति सेवाभाव का संदेश देते हुए नगर निगम रूद्रपुर के पर्यावरण पर्यवेक्षक करम सिंह दानू सहित पर्यावरण मित्र राजेश कुमार, सुनील, राजू, मुकेश और मनोज को माला पहनाकर व मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा



कि बाबा साहब द्वारा संविधान में निहित समानता और न्याय की भावना के अनुरूप समाज के हर वर्ग का सम्मान करना हमारा परम दायित्व है।इस अवसर पर अधिवक्ता एसोसिएशन उपाध्यक्ष सरदार गुरदीप सिंह, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रवीण तोमर, शिव छाबड़ा, विकास डागर, रवि अग्रवाल, कुशल अग्रवाल, जितेंद्र साहनी, उमेंद्र पांडे, संजय गुप्ता, नितिन अग्रवाल, प्रमोद यादव, अशोक नेगी, अंकित शर्मा, सुनील पचौरी, ललित गोयल और अजय गोयल सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प के साथ हुआ।

# अध्यात्मिक उर्जा का केन्द्र बनेगा संजय नगर क्षेत्र: विकास शर्मा

## संजय नगर खेड़ा में सड़क और नाला निर्माण की सौगात

रूद्रपुर। वार्ड नंबर 11 के अंतर्गत संजय नगर खेड़ा क्षेत्र के निवासियों की वर्षों पुरानी मांग को धरातल पर उतारने के लिए महापौर विकास शर्मा ने क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती नीतू राय के साथ मार्ग और नाला निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया । इस अवसर पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में महापौर विकास शर्मा का वार्डवासियों ने जोरदार मार्ग के निर्माण से न केवल श्रद्धालुओं के लिए सुगम होगा, बल्कि इस क्षेत्र की कनेक्टिविटी को भी बेहतर बनाएगा। उन्होंने कहा कि सड़क और नाला निर्माण के लिए लम्बे समय से मांग की जा रही थी इसके लिए विवाद की स्थिति भी पैदा हुयी। अब सड़क और कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पिछले दिनों उनके आग्रह पर शिव कॉरिडोर की जो घोषणा की है, उसका लाभ संजय नगर खेड़ा क्षेत्र के लोगों को व्यापक रूप से मिलेगा। उन्होनें कहा कि शिव कॉरिडोर से संजय नगर खेड़ा के मंदिर के साथ साथ नीलकंठ धाम और जायेगा। यहां 51 फिट की महादेव की मूर्ति लगाई जायेगी। भव्य द्वार बनाने के साथ ही पूरा नीलकंठ धाम भी भव्य बनाया जायेगा। भविष्य में वृद्धाश्रम भी बनाया जायेगा। काम काजी महिलाओं के बच्चों की देख रेख के लिए एक सेंटर भी स्थापित होगा । इसके साथ ही यहां जीर्ण क्षीर्ण मैदान में मिट्टी भरान कर इसका सौंदर्यीकरण करने और इसमें ओपन जिम और बच्चों के लिए झूले आदि लगाने की घोषणा की। महापौर ने कहा कि शहर में विकास की गति रूकने नहीं दी जायेगी। जनभावनाओं के अनुरूप विकास कायो को धरातल पर इच्छा शक्ति और दूरगामी सोच के चलते रूद्रपुर में विकास के नये कीर्तिमान स्थापित हो रहे हैं। उन्होनें कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से महापौर की मित्रता का लाभ पूरे शहर को मिल रहा है, आने वाले दिनों में महापौर के नेतृत्व में रूद्रपुर शहर विकास का एक मॉडल बनकर उभरेगा। इस अवसर पर बंगाली कल्याण समिति के प्रदेश





स्वागत करते हुए उन्हें पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया और उनका आभार व्यक्त किया। शिलान्यास के पश्चात जनसमूह को संबोधित करते हुए महापौर ने कहा कि शहर के हर वार्ड और हर गली तक पक्की सड़कों का जाल बिछाना प्राथमिकता है। उन्होंने पार्षद नीतू राय के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा श्रीमती नीतू राय अपने वार्ड के विकास के लिए अत्यंत सजग हैं। इस नाला निर्माण होने से वर्षों पुरानी मुराद पूरी हो रही है। नाला निर्माण होने से जलभराव की समस्या से भी निजात मिलेगी। महापौर ने कहा कि हमने गुणवत्तापूर्ण निर्माण के निर्देश दिए हैं ताकि जनता को लंबे समय तक इसका लाभ मिले। उन्होंने संसाधनों की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी और समय सीमा के भीतर इस मार्ग को जनता को समर्पित कर दिया जाएगा।महापौर ने गोल्ज्यू मंदिर तीनों एक साथ जुड़ जायेंगे। मानसखण्ड कॉरिडोर के अंतर्गत शिव कॉरिडोर भी जुड़ जायेगा और इसका तीर्थाटन की दृष्टि से महत्व प्रदेश में ही नहीं बल्कि देश विदेश में भी बढ़ जायेगा। इस कॉरिडोर से कनेक्टिविटी के लिए नई सड़कों का भी निर्माण होगा इससे आवागमन भी सुगम होगा।महापौर ने कहा कि आने वाले दिनों में यह पूरा एरिया धार्मिक दृष्टि से विशेष हो एक संस्कारशाला भी बनायी जायेगी जहां बच्चों को अपनी संस्कृति से सम्बंधित जानकारियां दी जायेगी। यही नहीं योगा केन्द्र, ध्यान केन्द्र भी बनाया जायेगा, जिससे लोगों को मानसिक और शारीरिक रूप से फिट रखा जा सके। बाहर से आने वाले साधु संतों के रूकने के लिए भी व्यवस्था की जायेगी। यह पूरा क्षेत्र आध्यात्मिक उर्जा का केन्द्र बनेगा। महापौर ने पार्षद की मांग पर उतारा जा रहा है। कोशिश है कि हर वार्ड में एक ऐसा काम हो जो यादगार और अविस्मरणीय हो। वार्ड पार्षद नीतू राय ने अपने सम्बोधन में महापौर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से आज रूद्रपुर शहर का चहुमुखी विकास हो रहा है। पार्षद प्रतिनिधि मानवेन्द्र राय ने कहा कि विकास शर्मा जैसा महापौर शहरवासियों को मिलना सौभाग्य की बात है आज उनकी मजबूत अध्यक्ष दिलीप अधिकारी,शेखर राय, स्वामी सनातन महाराज,उत्पल मंडल, पार्षद मुकेश रस्तोगी, पार्षद बीनू, पार्षद पवन राणा, पार्षद शुभम दास, पार्षद चिराग कालरा पार्षद एमपी मौर्य , भाजपा नेता शिवकुमार राय, महंत महंत बॉबी पासी,मनोज कुमार राय, अजीत गाइन,सुशील विश्वास, हरि अधिकारी, पार्षद प्रतिनिधि मानवेंद्र राय, मुकेश , राजू आदि समेत तमाम लोग मौजूद थे।

# व्यक्ति व संगठन निर्माण से होगा देश का बेहतर निर्माण: बिष्ट

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी जिला इकाई द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत जिला प्रशिक्षण योजना बैठक का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण अभियान के प्रदेश सह-संयोजक व मुख्य वक्ता प्रदीप बिष्ट, जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दीपा दर्मवाल द्वारा दीप प्रज्वलन व सामूहिक वन्देमातरम् गान के साथ बैठक का शुभारंभ किया। जिले के समस्त मंडलो से आए प्रतिभागियो को सम्बोधित करते हुए प्रदीप बिष्ट ने कहा कि व्यक्ति निर्माण से संगठन निर्माण व संगठन निर्माण से देश निर्माण ही प्रशिक्षण अभियान का असली ध्येय है। उन्होने कहा कि प्रशिक्षण के द्वारा ही कार्यकर्ता में वैचारिक प्रतिबद्धता व अनुशासन का बोध जागृत्त होता है। उन्होने बताया कि जिले के सभी 25 मण्डलो में आगामी 7 मार्च से 10 अप्रैल के मध्य एक दिवसीय



प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जानी है जिसमे प्रत्येक कार्यशाला में 7 विषय निर्धारित किये गये है व जिला प्रशिक्षण वक्ता इन मंडल कार्यशालाओं में प्रशिक्षक के तौर पर कार्यकर्ता के मध्य अपना विषय रखेगे। जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने सभी मण्डल प्रभारियो व मण्डल अध्यक्षो से मण्डल प्रशिक्षण टोली के माध्यम से प्रशिक्षण महाअभियान को तीव्र गति देने का आवाह्न किया। उन्होने संगठन से प्राप्त दिशा निर्देशो का पूर्ण पालन करते हुए मण्डल प्रशिक्षण कार्यशालाओं को सुव्यवस्थित व प्रभावी बनाने पर जोर दिया। अभियान के जिला संयोजक व जिला महामंत्री रंजन बर्गली ने योजना बैठक में आए सभी प्रतिभागियो का आभार व्यक्त करते हुए मंडल प्रशिक्षण कार्यशालाओं को पूर्ण मनोयोग के साथ सफल बनाने का आवाहन किया। बैठक में विधायक श्रीमती सरिता आर्या, प्रदेश प्रकोष्ठ प्रभारी कौस्तुभानंद जोशी, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी प्रदीप जनौटी, प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत, श्रीमती गीता ठाकुर, दर्जा राज्य मंत्री सुरेश भट्ट, दिनेश आर्या, श्रीमती रेनु अधिकारी, नवीन वर्मा, जिला महामंत्री विनीत अग्रवाल, जिला सह-संयोजक दयाकिशन पोखरिया, श्रीमती प्रगति जैन, नितिन राणा, मण्डल अध्यक्ष सुरेश गौड़ सहित अनेको पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# चाय विक्रेता के आत्मदाह प्रयास के बाद पुलिस ने दर्ज किया चोरी का मुकदमा

गदरपुर (उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 10 आजादनगर निवासी चाय विक्रेता सोनू भारद्वाज ने कुछ दिन पहले जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वारा कार्यक्रम के दौरान बोतल में पेट्रोल लेकर आत्मदाह का प्रयास कर दिया, जिससे मौके पर हड़कंप मच गया। प्रशासनिक अधिकारियों ने तत्काल हस्तक्षेप कर उन्हें रोक लिया। घटना के बाद क्षेत्र में इस बात को लेकर चर्चा तेज हो गई है कि आखिर एक छोटे दुकानदार को इतना बड़ा कदम उठाने की नौबत क्यों आई। सोनू भारद्वाज के अनुसार 30 नवंबर 2025 की शाम करीब 7 बजे उनकी पत्नी का रविवार बाजार से मोबाइल चोरी हो गया था। मोबाइल के साथ लगभग 15 हजार रुपये नकद और कुछ अन्य सामान भी गायब हुआ। उन्होंने थाने में शिकायत दी, लेकिन उनका आरोप है कि कई महीनों तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। न तो मोबाइल बरामद हुआ और न ही किसी आरोपी की पहचान हो सकी। कार्यक्रम के दौरान आत्मदाह के प्रयास के बाद मामला तूल पकड़ गया, जिसके पश्चात पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते शिकायत पर गंभीरता दिखाई जाती, तो शायद स्थिति इतनी गंभीर नहीं बनती। सोनू का कहना है कि आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण उनके लिए मोबाइल और नकदी का नुकसान बड़ा आघात था। फिलहाल पुलिस ने जांच जारी होने की बात कही है।






# मेडिकल स्टोर से नशीली दवाइयों का जखीरा बरामद

हल्द्वानी /किच्छा (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के "ड्रग्स फ्री उत्तराखण्ड" के विजन को साकार करने की दिशा में आईजी कुमाऊँ श्रीमती रिद्धिम अग्रवाल के निर्देशन में कुमायूँ पुलिस द्वारा लगातार नशे के विरुद्ध अभियान संचालित किया जा रहा है। स्पेशल ऑपरेशन टास्क फोर्स, कुमाऊँ परिक्षेत्र द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत थाना पुलभट्टा क्षेत्र, जनपद उधम सिंह नगर में बड़ी कार्रवाई की गई। आईजी कुमाऊँ परिक्षेत्र



एवं स्वास्थ्य सचिव उत्तराखण्ड से प्राप्त आदेशों के क्रम में औषधि नियंत्रक विभाग की टीम, स्पेशल ऑपरेशन टास्क फोर्स, कुमाऊँ परिक्षेत्र, व पुलभट्टा पुलिस की संयुक्त चौकिंग एवं वरिष्ठ औषधि निरीक्षक नीरज कुमार ने मुखबिर की सूचना पर थाना पुलभट्टा क्षेत्रांतर्गत एसके मेडिकल स्टोर पर छापा मारकर भारी मात्रा में नशीली दवाइयाँ बरामद कीं। कार्रवाई के दौरान मेडिकल स्टोर से प्रतिबंधित व नियंत्रित दवाईयों का जखीरा बरामद किया गया। जिनमें 14,472 कैप्सूल,5,670 टैबलेट व 50 इंजेक्शन शामिल हैं। उक्त मेडिकल स्टोर शकूर खान पुत्र सब्बीर खान, निवासी शक्तिफार्म रोड, ग्राम सेदोरा, चौकी बरा, थाना पुलभट्टा द्वारा संचालित किया जा रहा था। इस संबंध में थाना पुलभट्टा में एन डी पी एस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस टीम में प्रभारी, स्पेशल ऑपरेशन टास्क फोर्स एवं समस्त टीम, कुमाऊँ परिक्षेत्र, नीरज कुमार, वरिष्ठ औषधि निरीक्षक, रुद्रपुर, शुभम कोटनाला, औषधि निरीक्षक, रुद्रपुर, श्रीमती निधि शर्मा, औषधि निरीक्षक, रुद्रपुर, उप निरीक्षक दिनेश भट्ट, थाना पुलभट्टा, कांस्टेबल अनिल , थाना पुलभट्टा शामिल थे।

# नशीले इंजेक्शनों सहित दो तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसएसपी के निर्देशन में पुलिस ने नशे के विरुद्ध कार्यवाही जारी रखते हुए बनभूलपुरा क्षेत्र में 46 नशीले इंजेक्शन की तस्करी करते हुए 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार ड्रग फ्री देवभूमि मिशन को सार्थकता प्रदान करने के उद्देश्य से जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु डॉ0 मंजूनाथ टीसी एसएसपी द्वारा



सभी अधीनस्थों को वृहद स्तर पर चौकिंग अभियान चलाये जाने तथा तस्करों की गिरफ्तारी करने के सख्त दिशा-निर्देश दिये गये हैं। जिस क्रम में दिनेश सिंह फर्त्याल प्रभारी निरीक्षक बनभूलपुरा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा बुधवार को बनभूलपुरा क्षेत्र में चेकिंग के दौरान दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता रईश उर्फ बब्लू पुत्र स्व. मो० उमर निवासी गफूर बस्ती वार्ड 24 बनभूलपुरा तथा समीर पाशा पुत्र शमीम पाशा निवासी जवाहर नगर फारुख दुकानदार वाली गली वार्ड 15, बनभूलपुरा बताया । तलाशी लेने पर दोनों के पास से कुल 46 नशीले इंजेक्शन बरामद हुए। पुलिस ने बरामद इंजेक्शन कब्जे में लेकर दोनों नशा तस्करों से आवश्यक पूछताछ करने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक मनोज यादव, कांस्टेबल दिलशाद अहमद, सुनील कुमार व महबूब अली शामिल थे।




**मुख्य आकर्षण :** ट्यूलिप | कट फ्लावर्स | जैविक शहद | भोजपत्र पर डाक कवर | सांस्कृतिक कार्यक्रम | विभिन्न प्रतियोगिताएं | पर्वतीय उत्पाद

### मुख्य अतिथि

## ले ज गुरमीत सिंह

पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, वीएसएम (से नि)
राज्यपाल, उत्तराखण्ड

### विशिष्ट अतिथि

## पुष्कर सिंह धामी

मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

### गरिमामयी उपस्थिति

## गणेश जोशी

मंत्री, कृषि एवं कृषक कल्याण, उत्तराखण्ड

**स्थान: लोक भवन देहरादून | शुभारम्भ: 27 फरवरी, 2026, प्रातः 10:00 बजे**

प्रवेश निःशुल्क

**दर्शकों के लिए समय:**

27 फरवरी, 2026 को अपराह्न 01:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक
28 फरवरी और 01 मार्च, 2026 को प्रातः 09:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक







सोशल मीडिया पर जुड़ें #FlowerShowUK2026 #ColoursOfSpring2026 #वसंतोत्सव2026

वसंतोत्सव 2026 के लिए पंजीकरण लिंक :- आगंतुक https://vmsbutu.live अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

सुरक्षा कारणों से दर्शकों के लिए बैग/थैला इत्यादि लोक भवन परिसर में लाना प्रतिबंधित है।
वसंतोत्सव में प्लास्टिक/पॉलिथीन पूर्णतः प्रतिबंधित है, दर्शकों से अनुरोध है कि अपना सहयोग प्रदान करें।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## सरकारी तंत्र की फिजूलखर्ची

किसी भी देश में सरकारी तंत्र में वित्तीय अनुशासन का अपना महत्त्व है। सरकारी खजाने की राशि सावधानी से और प्राथमिकता के आधार पर ही खर्च की जानी चाहिए। मगर यह राशि जब कल्याणकारी योजनाओं में लगाने या विकास के लिए संसाधन जुटाने के बजाय सरकारी दौरे तथा आतिथ्य प्रबंधन में बर्बाद होने लगे, तो जनता का भरोसा टूटता है। आज एक ओर भारत के दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनने के दावे किए जा रहे हैं, तो दूसरी ओर देश के कुछ अधिकारी और नेता फिजूलखर्ची से बाज नहीं आ रहे।भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के एक वरिष्ठ अधिकारी के प्रस्तावित सरकारी दौरे में पद और सार्वजनिक संसाधनों के बेजा इस्तेमाल का मामला सामने आने से एक बार फिर यही जाहिर हुआ है कि पद और रसूख के प्रभाव के पीछे सामंती सोच का ढांचा किस तरह काम करता है। अधिकारी की यात्रा के लिए जिस तरह से पचास अन्य अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपने की खबर आई, वह चौंकाने वाली है। इसमें उनको तौलिया-कंघी और तेल से लेकर अंत:वस्त्र तक जुटाने की हिदायत दी गई थी।सरकारी यात्रा से जुड़े इन आतिथ्य इंतजामों का ब्योरा चर्चा में आने के बाद संचार मंत्री ने इसे 'बेहद ही बेतुका', 'स्तब्ध कर देने वाला' तथा अस्वीकार्य बताया। इस तरह के आतिथ्य प्रबंधन संबंधी आदेश से बीएसएनएल की तो फजीहत हुई ही, वहीं यह सच्चाई भी सामने आई कि कई सरकारी दौरे में कैसे जम कर फिजूलखर्ची होती है।एक ओर, जनहित की योजनाओं को लागू करने में देरी के सवाल पर धन की कमी को कारण बताया जाता है, वहीं सरकारी तंत्र में पसरी फिजूलखर्ची पर लगाम लगाना जरूरी नहीं समझा जाता। यह छिपा नहीं है कि सरकारी गाड़ियों के दुरुपयोग से लेकर कई तरह के भत्तों पर बेतहाशा खर्च के साथ-साथ अधिकारियों के अनावश्यक दौरों और सरकार के विज्ञापनों पर किस तरह करोड़ों रुपए बहाए जाते हैं। जबकि जनता का यह धन अनेक तरह के करों के जरिए जुटाया गया होता है। इस मामले में बेशक तत्काल कार्रवाई की गई हो, लेकिन सरकारी तंत्र में धन की बर्बादी कैसे हो रही है, यह उसकी यह बानगी भर है। इसे गंभीरता से लेने और इस तरह की प्रवृत्ति पर सख्ती से लगाम लगाने की जरूरत है। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बीएसएनएल के निदेशक विवेक बंजल के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। यह कदम उनके उत्तर प्रदेश के प्रयागराज दौरे के दौरान दिए गए प्रोटोकॉल को लेकर उठे विवाद के बीच उठाया गया है। निदेशक को कारण बताओ नोटिस जारी कर सात दिन के भीतर स्पष्टीकरण देने को कहा गया है। प्राप्त जवाब के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ध्रुव चावला को न्याय दिलाने के लिए निकला कैंडल मार्च

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। दिवंगत युवा ध्रुव चावला की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस की सुस्त कार्यवाही के विरोध में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ध्रुव चावला की आत्मिक शांति एवं परिजनों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर गुरूवार शाम विशाल कैंडल मार्च निकाला गया। मौत के मामले का खुलासा न होने से युवाओं और व्यापारियों में गहरा आक्रोश है। कैंडल मार्च के माध्यम से प्रशासन को शीघ्र जांच पूरी कर दोषियों को बेनकाब करने का स्पष्ट संदेश दिया गया। परिवारजनों एवं पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व में निकाला गया यह विशाल मार्च सिविल लाइन स्थित अग्रसेन चौक से प्रारंभ होकर महाराजा रणजीत सिंह चौक, मुख्य बाजार मार्ग होते हुए भगत सिंह चौक पर संपन्न हुआ। हाथों में मोमबत्तियां लिए सैकड़ों की संख्या में लोग शांतिपूर्वक आगे बढ़ते रहे और ध्रुव चावला को न्याय दो के नारे गूंजते रहे। इस दौरान शहर का माहौल गमगीन और आक्रोशित नजर आया। कैंडल मार्च के दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कड़े शब्दों में पुलिस प्रशासन को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि एक होनहार युवा की संदिग्ध मौत का खुलासा एक सप्ताह बाद भी न होना गंभीर चिंता और पुलिस की कार्यशैली पर बड़े सवाल खड़े करता है। ठुकराल ने स्पष्ट कहा जब तक मामले का निष्पक्ष खुलासा नहीं होता और ध्रुव के परिजनों को न्याय नहीं मिल जाता, तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। हम प्रशासन से अपील करते हैं कि जांच में तेजी लाई जाए और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए। अगर जल्द ही पुलिस ने खुलासा नहीं किया, तो व्यापारी और युवा सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। परिजनों ने भावुक स्वर में प्रशासन से न्याय की गुहार लगाते हुए कहा कि उन्हें केवल सच्चाई जाननी है कि उनके बेटे के साथ आखिर क्या हुआ था। कैंडल मार्च के माध्यम से शहरवासियों ने एकजुटता का परिचय देते हुए यह संदेश दिया कि ध्रुव चावला को न्याय दिलाने के लिए पूरा रुद्रपुर एक साथ खड़ा है। कैंडल मार्च में विजय फुटेला, मोहन खेड़ा, संजय ठुकराल, एकता चावला, दुमिता, चेतन,संजय जुनेजा, रजत विष्ट, मानव ललित विष्ट, मोहन अरोरा, चेतन भट्ट, कमल फुटेला, अमन चीमा, रुद्राक्ष शुक्ला, अमर सिंह यादव, मधुर चौहान, सुखवंत सिंह विक्की, गोविंद साहनी, सुमित गंगवार, दीपु महरा, सत्ता कोली, विनय जाशी, भरत पाल, पवन गाबा, मनदीप सिंह, शिवा चावला, शिवम सेठी, मनोज छाबड़ा, संदीप राव, राजेश कामेरा, राजकुमार खनिजो सहित बड़ी संख्या में व्यापारी, युवा एवं सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## पुरस्कार वितरण के साथ जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मेरा युवा भारत नैनीताल, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 26 फरवरी 2026 को मिनी स्टेडियम, हल्द्वानी में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में वॉलीबॉल, 800 मीटर दौड़ एवं गोला फेंक तथा महिला वर्ग में कबड्डी, 400 मीटर दौड़ एवं गोला फेंक स्पर्धाएँ आयोजित की गईं। उद्घाटन समारोह में श्रीमती निर्मला पंत, जिला क्रीड़ा अधिकारी, नैनीताल; श्री सुरेश पांडेय, सेवानिवृत्त उप निदेशक, खेल विभाग; तथा श्रीमती डोल्वी तेवतिया, उप निदेशक, मेरा युवा भारत नैनीताल उपस्थित रहीं। वहीं, पुरस्कार वितरण समारोह में श्री गजराज सिंह बिष्ट, नगर निगम हल्द्वानी के महापौर, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के वॉलीबॉल मुकाबले में बिंदुखत्ता टीम प्रथम और हल्द्वानी ब्रदर्स क्लब द्वितीय स्थान पर रही। कबड्डी (महिला) में गरिमा की हल्द्वानी टीम प्रथम और पिंकी की टीम द्वितीय रही। 800 मीटर दौड़ (पुरुष) में हर्ष ने प्रथम, दीपक ने द्वितीय और अली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर (महिला) में हिमानी आर्या प्रथम, रिया कोरियाल द्वितीय और दीपा नेगी तृतीय रहीं। गोला फेंक (महिला) में करिश्मा जलाल प्रथम, दीपा कोरंगा द्वितीय और अंकिता तृतीय रहीं। गोला फेंक (पुरुष) में अभय शर्मा प्रथम, भास्कर पांडेय द्वितीय और निखिल जोशी तृतीय रहे। मुख्य अतिथि महापौर श्री गजराज सिंह बिष्ट ने अपने संबोधन में कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करते हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व कौशल का विकास भी करते हैं। युवाओं को नियमित रूप से खेलों से जुड़कर स्वस्थ जीवनशैली अपनानी चाहिए। समापन अवसर पर श्रीमती डोल्वी तेवतिया, उप निदेशक, मेरा युवा भारत नैनीताल ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया तथा सभी रेफरी को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रकाश बिष्ट, मदन मोहन, भावना बिष्ट, अशोक एवं किरण का विशेष सहयोग रहा।



## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के मेधावी छात्र सम्मानित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। भानु प्रताप पब्लिक स्कूल में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के प्रमाण-पत्र वितरण समारोह का अत्यंत गरिमामय एवं प्रेरणादायी आयोजन किया गया। यह परीक्षा शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में संपन्न हुई, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं राष्ट्रभक्ति की भावना का विकास करना है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने इस परीक्षा में बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। समारोह का माहौल उल्लास, गर्व और प्रेरणा से ओत-प्रोत रहा।कक्षा-वार सफल विद्यार्थियों में कक्षा 5 से मयंक कंदारी, सहजदीप सिंह, आयुष राज, प्रियांशी शुक्ला, श्रेयांश शुक्ला, तनिष्का, इशांत, साक्षी, अरना नेगी, चिराग, मिताली, जीविका चंद्रा, भाव्या सिंह; कक्षा 6 से आयुष्मान, अवनीत प्रत्यूषा, हिमाचल, अतुल्या, आरोही, वैष्णवी, राघव; कक्षा 7 से शेखर, दीपक, तन्मय सिंह; कक्षा 8 से वैभव, होना, वसुंधरा, आशुतोष, भावेश, आयुषी, स्नेहा; कक्षा 9 से श्रेया चौरसिया और कक्षा 10 से निखिल सिंह व सिद्धांत शर्मा शामिल रहे। इन सभी विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, परिश्रम और लगन से यह सिद्ध कर दिया कि संस्कारयुक्त शिक्षा ही सच्ची सफलता का आधार है।समारोह के मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के संचालक श्री महेश चंद्रा ने सभी सफल विद्यार्थियों को विशेष प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। अपने प्रेरणा संबोधन में उन्होंने कहा, "भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा जैसी शैक्षणिक प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में चरित्र निर्माण, अनुशासन, स्वभाव और राष्ट्रप्रेम की भावना को पोषित करती हैं। शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा उत्तीर्ण करना नहीं, बल्कि एक आदर्श नागरिक बनना है।" विद्यालय के उपाध्यक्ष ने सभी विजेता विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर हिंदी विभाग की शिक्षिकाओं श्रीमती आरती, श्रीमती संगीता, श्रीमती कीर्ति भटनागर एवं मंजू को विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उनके निरंतर मार्गदर्शन, समर्पण और प्रेरणा के फलस्वरूप विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट सफलता अर्जित की।



## स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता के तहत कई वार्डों में परखी व्यवस्थाएं

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर निगम रुद्रपुर द्वारा शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता के तहत निगम की आईईसी टीम ने वार्ड नंबर 3, वार्ड नंबर 4 और वार्ड नंबर 6 का विस्तृत निरीक्षण किया। इस निरीक्षण अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के मानदंडों के अनुरूप वार्डों की तैयारियों को परखना और नागरिकों में जागरूकता बढ़ाना था। निरीक्षण के दौरान आईईसी टीम ने व्यापक मूल्यांकन किया, जिसमें वार्डों की सामान्य सफाई, सार्वजनिक स्थलों और बैकलैन यानी पिछली गलियों की विशेष सफाई व्यवस्था मुख्य थी। टीम ने स्रोत पर कचरा पृथक्करण की स्थिति और दुकानों व घरों में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध के पालन की भी गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान टीम ने पाया कि अधिकांश नागरिक कचरे के पृथक्करण के लिए 2-बिन प्रणाली का उपयोग कर रहे हैं। इसे और अधिक प्रभावी बनाने के लिए टीम ने नागरिकों को फोर-बिन प्रणाली अपनाने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा टीम ने नागरिकों को गीले कचरे से घर पर ही होम कम्पोस्टिंग करने की तकनीक समझाई ताकि कचरा प्रबंधन स्थानीय स्तर पर ही हो सके। टीम द्वारा नागरिकों को ट्रिपल-आर सेंटर के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और बताया गया कि अनुपयोगी वस्तुओं को फेंकने के बजाय ट्रिपल आर सेंटर में देकर उनका पुन: उपयोग कैसे किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक 3 वर्ष में सेप्टिक टैंक की नियमित सफाई कराने के प्रति भी नागरिकों को जागरूक किया गया।



## खाद्य विभाग ने की छापेमारी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आयुक्त व सचिव खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन, जिलाधिकारी, उपायुक्त कुमाऊँ मण्डल, खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में होली के त्यौहार एवं रमजान को दृष्टिगत रखते हुए जनपद नैनीताल के हल्द्वानी नगर निगम एवं हल्द्वानी ग्रामीण में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय कुमार सिंह एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी नन्दकिशोर द्वारा 14 खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान हल्द्वानी नगर निगम



एवं हल्द्वानी ग्रामीण से विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ जिनमें गुजिया का एक नमूना, मावा के तीन नमूना, सूजी का एक नमूना, मिठाई का एक नमूना एवं नमकीन का एक जॉच हेतु लिया गया। अभियान के दौरान जनपद नैनीताल से कुल 7 नमूने संग्रहित कर जॉच हेतु प्रयोगशाला भेजे गये है। जिन प्रतिष्ठानों से नमूने लिए गए उनमें बीकानेर वाला से गुजिया, स्टैंडर्ड स्वीट्स से काजू बर्फी,पन्नालाल महेश कुमार से मावा, पन्नालाल सुरेश कुमार से मावा, प्रभु दयाल सुरेश कुमार से सूजी तथा सुबह एक बरेली के बस से मावा का नमूना लिया नमूनों की जॉच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। अभियान दल में अजब सिंह रावत, सहायक आयुक्त, खाद्य सुरक्षा नैनीताल, अभय कुमार सिंह, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी, हल्द्वानी एवं नन्दकिशोर, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, हल्द्वानी ग्रामीण सम्मिलित रहे।त्योहारी सीजन को देखते हुए निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण कार्यवाही सम्पूर्ण जनपद में लगातार जारी रहेगी।


## चैकिंग अभियान में कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देशानुसार होली पर्व के मद्देनजर आबकारी टीम हल्द्वानी द्वारा गुरुवार को जनपद नैनीताल अंतर्गत विभिन्न स्थानों दौलतपुर, चोरगलिया, हल्दूचौड़ और हल्द्वानी के तिकोनिया, सुभासनगर और रामपुर रोड क्षेत्रों में अवैध मदिरा के विरुद्ध सघन दबिश एवं चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान दौलतपुर में अभियुक्त पूरन सिंह पुत्र प्रताप सिंह के कब्जे से लगभग 25 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा-60 में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार अवैध शराब के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा। इस छापेमारी टीम में सहायक आबकारी आयुक्त हरीश जोशी, आबकारी निरीक्षक धीरेन्द्र सिंह, उप आबकारी निरीक्षक कैलाश जोशी, आबकारी सिपाही राहुल, शीतल, गीता, भास्कर और खुसाल मौजूद रहे।



# बसौली में सड़क हादसा, मासूम बच्चे समेत तीन लोगों की मौत

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। बागेश्वर से अल्मोड़ा की ओर आ रहा एक वाहन गुरुवार शाम बसौली के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में डेढ़ साल के बच्चे समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार झिझाड़ बागेश्वर में शादी समारोह में शामिल होकर एक परिवार दिल्ली के लिए लौट रहा था। इसी दौरान बसोली के पास चुराड़ी बैंड में कार संख्या डीएल 9 सीबीएच 3402 अचानक अनियंत्रित



हो गई और गहरी खाई में जा गिरी। सूचना मिलते ही पुलिस ने रेस्क्यू अभियान चलाया। वाहन में सवार मंजू देवी पत्नी गोपाल राम 44 वर्ष ग्राम कांडे ताकुला, दिनेश राम पुत्र तिल राम 50 वर्ष ग्राम झिझाड़ ताकुला और डेढ़ वर्षीय रिहान पुत्र महेश राम थपनिया ताकुला की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि जया पत्नी महेश राम, महेश राम ग्राम थपनिया, गोपाल राम आर्य, ग्राम कांडे, संजय कुमार, ग्राम कांडे और चालक अर्जुन, निवासी उत्तम नगर दिल्ली गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। क्षेत्र में हादसे के बाद शोक और अफरा-तफरी का माहौल है।

# रतनपुरा में सरकारी बंजर भूमि पर अतिक्रमण, निर्माण कार्य रुकवाया

गदरपुर। तहसील गदरपुर अंतर्गत ग्राम रतनपुरा में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत मिलने पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की। उपजिलाधिकारी गदरपुर एवं तहसीलदार गदरपुर ने राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान पाया गया कि राजस्व अभिलेखों में दर्ज श्रेणी-5 बंजर भूमि, खसरा संख्या 223, 224 एवं 225, कुल रकबा 0.460 हेक्टेयर पर अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा था। प्रशासन ने मौके पर ही चल रहे निर्माण कार्य को तत्काल



प्रभाव से रुकवा दिया।अधिकारियों ने संबंधित पक्ष को नोटिस जारी करते हुए भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। राजस्व विभाग की ओर से स्पष्ट किया गया है कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।प्रशासन ने आमजन से भी अपील की है कि सरकारी भूमि पर किसी प्रकार का निर्माण कार्य करने से पूर्व विधिवत अनुमति अवश्य प्राप्त करें, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# रमजान और होली पर गदरपुर में नहीं होगी गैस की किल्लत

गदरपुर (उद संवाददाता)। रमजान और होली जैसे प्रमुख त्योहारों के मद्देनजर गदरपुर क्षेत्र में रसोई गैस की आपूर्ति को लेकर आम जनता के लिए राहत भरी खबर है। इंडेन गैस की स्थानीय एजेंसी प्रबंधन ने भरोसा दिलाया है कि त्योहारी सीजन में गैस की किसी भी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी। गदरपुर इंडेन गैस एजेंसी के मैनेजर गणेश आर्य ने बताया कि रमजान और होली के अवसर पर गैस सिलेंडरों की मांग सामान्य दिनों की तुलना में बढ़ जाती है। इसे ध्यान में रखते हुए एजेंसी द्वारा पहले से ही पर्याप्त मात्रा में स्टॉक मंगाया गया है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को घबराने या अतिरिक्त बुकिंग करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि भरपूर मात्रा में गैस उपलब्ध है और आपूर्ति व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित की जा रही है। मैनेजर गणेश आर्य ने यह भी बताया कि वितरण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए ठेकेदार अमित अरोरा के माध्यम से लगातार गैस सिलेंडरों की डिलीवरी कराई जा रही है। शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी समय पर सिलेंडर पहुंचाए जा रहे हैं, ताकि किसी भी परिवार को परेशानी का सामना न करना पड़े। एजेंसी प्रबंधन के अनुसार, सभी बुकिंग समय पर दर्ज की जा रही हैं और निर्धारित अवधि में सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे अधिकृत एजेंसी और डिलीवरी कर्मियों से ही गैस प्राप्त करें तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर सीधे एजेंसी कार्यालय से संपर्क करें। त्योहारी सीजन में सुचारु गैस आपूर्ति को लेकर स्थानीय लोगों ने भी संतोष जताया है। एजेंसी की इस पहल से रमजान और होली के दौरान क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी।

# समाजसेवी लाल बादशाह ने रमजान पर की अमन चैन की दुआ

गदरपुर (उद संवाददाता)। नगर के प्रमुख समाजसेवी लाल बादशाह ने पवित्र रमजान माह के आगमन पर क्षेत्रवासियों को हार्दिक मुबारकबाद दी है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि रमजान का महीना रहमत, बरकत और मगफिरत का महीना है, जो इंसान को सब्र, संयम और नेक रास्ते पर चलने की प्रेरणा देता है। यह महीना आत्मशुद्धि और आध्यात्मिक उन्नति का अवसर प्रदान करता है। लाल बादशाह ने कहा कि रोजा केवल भूखे-प्यासे रहने का नाम नहीं है, बल्कि यह अपने विचारों, व्यवहार और कर्मों को बेहतर बनाने का माध्यम है। रमजान हमें सिखाता है कि हम



अपने आसपास के जरूरतमंद लोगों की मदद करें, गरीबों और असहायों का सहारा बनें तथा समाज में आपसी प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा दें। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि इस पवित्र महीने में इबादत के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारियों का भी निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि हमें जाति, धर्म और वर्ग से ऊपर उठकर इंसानियत की भावना को मजबूत करना चाहिए। अंत में लाल बादशाह ने दुआ की कि रमजान का यह मुकद्दस महीना सभी के जीवन में खुशहाली, शांति और समृद्धि लेकर आए तथा गदरपुर में अमन-चौन और सौहार्द का वातावरण बना रहे।

# सरकारी योजना के सहारे आत्मनिर्भर उत्तराखंड की मिसाल बने महेंद्र बिष्ट

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के नैनीताल जनपद के धारी विकासखंड क्षेत्र के निवासी महेंद्र सिंह बिष्ट ने यह साबित कर दिया है कि यदि सही समय पर सरकारी योजनाओं का सहयोग और मेहनत का जज्बा मिल जाए, तो कोई भी सपना अधूरा नहीं रहता। महेंद्र सिंह की कहानी संघर्ष से शुरू होकर सफलता के मुकाम तक पहुंची है, जो राज्य के अन्य युवाओं के लिए भी एक नजीर है। वर्ष 2022 में मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के अंतर्गत महेंद्र बिष्ट ने उत्तराखंड ग्रामीण बैंक की ग्राम भटेलिया शाखा से 3 लाख रुपये का ऋण प्राप्त किया। सीमित आर्थिक संसाधनों के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और मोबाइल रिपेयरिंग के व्यवसाय को अपने आत्मनिर्भर भविष्य का माध्यम बनाया। शुरुआत में आर्थिक स्थिति चुनौतीपूर्ण थी, लेकिन मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना ने उनके सपनों को नई उड़ान दी। जिला उद्योग केंद्र हल्द्वानी के



मार्गदर्शन और राज्य सरकार की सक्रिय पहल से उनका ऋण स्वीकृत हुआ। बैंक से सहयोग मिलने के बाद उन्होंने अपने क्षेत्र में मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान स्थापित की। आज उनका व्यवसाय न केवल सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है, बल्कि वे अपने इस उद्यम से दो अन्य लोगों को भी रोजगार प्रदान कर रहे हैं। वर्तमान में उनका व्यवसाय लगभग 4 लाख रुपये के टर्नओवर तक पहुंच चुका है और उन्हें प्रतिमाह 15-20 हजार रुपये तक की नियमित आय हो रही है। यह कहानी केवल एक व्यक्ति की सफलता नहीं, बल्कि उत्तराखंड सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों की भी सफलता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य में स्वरोजगार को बढ़ावा देने और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उनकी दूरदर्शी सोच और प्रभावी क्रियान्वयन ने हजारों युवाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। महेंद्र बिष्ट आज अपने गांव और क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बन चुके हैं। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया है कि सरकारी योजनाओं का सही लाभ उठाकर और निरंतर मेहनत से कोई भी युवा आत्मनिर्भर बन सकता है। यह है आत्मनिर्भर उत्तराखंड की असली तस्वीर, जहां सरकार का सहयोग और युवा शक्ति मिलकर नई सफलता की कहानी लिख रहे हैं।

# युवा समाजसेवी मंसूरी ने रमजान के दूसरे जुम्मे की मुबारकबाद दी

गदरपुर (उद संवाददाता)। रमजानुल मुबारक के दूसरे जुम्मे के मौके पर युवा समाजसेवी फिरासत अली मंसूरी ने तमाम अहल-ए-ईमान को दिली मुबारकबाद पेश की। उन्होंने कहा कि माह-ए-रमजान रहमत, बरकत और मगफिरत का पाक महीना है, जिसमें अल्लाह तआला अपने बंदों पर खास करम फरमाता है। इस मुबारक महीने में रोजा, नमाज, तिलावत-ए-कुरआन और जिक्र-ओ-अजकार के जरिये बंदा अपने रब से कुर्ब्बत हासिल करता है।फिरासत अली मंसूरी ने कहा कि दूसरे जुम्मे की फजीलत बहुत अजीम है। जुम्मा का दिन सैय्यदुल अय्याम है, और रमजान का जुम्मा तो और भी ज्यादा फजल है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे पांच वक्त की नमाज की पाबंदी करें, तरावीह का एहतिमाम करें और जकात, सदका व खैरात



के जरिये गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करें। उन्होंने कहा कि रमजान हमें सब्र, शुक्र और तकवा का दरस देता है। रोजा सिर्फ भूख और प्यास का नाम नहीं, बल्कि गुनाहों से बचने और अपने अखलाक को बेहतर बनाने का जरिया है। इस मौके पर उन्होंने मुल्क में अमन-ओ-अमान, आपसी भाईचारे और इंसानियत की तरक्की के लिए खास दुआ की।

# दिनदहाड़े युवक की बाइक चोरी

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। क्षेत्र में वाहन चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला आनंदनगर तिलियापुर का है, जहां एक व्यक्ति की दिनदहाड़े बाइक चोरी हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंकज कुमार पुत्र अर्जुन राम निवासी आनंदनगर तिलियापुर ने पुलिस चौकी शक्तिफार्म में दी तहरीर में बताया कि 26 फरवरी 2026 को शाम लगभग 3:07 बजे वह अपनी हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल बाईक संख्या यूके 06-बीके 2768 को कुसमौठ फार्म में खड़ा कर फार्म में कार्य करने लगे। करीब 10 मिनट बाद जब वह बाहर गेट पर पहुंचे तो उनकी बाइक वहां से गायब थी। पीड़ित ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं लगा।

## पेज एक का शेष...

**सीएम ने किया पूर्णगिरी...**सरकार मिलकर उत्तराखंड के सीमांत क्षेत्रों के विकास के लिए हर संभव सहयोग कर रही है। मेले के शुभारम्भ अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने चंपावत जनपद के समग्र विकास को गति देने वाली कई परियोजनाओं की आधारशिला रखी और पूर्ण हो चुकी योजनाओं को जनता को समर्पित किया। इन योजनाओं में पर्यटन सुविधाओं का विस्तार, सड़कों का सुदृढीकरण और तीर्थयात्रियों के लिए आवास व्यवस्था में सुधार मुख्य रूप से शामिल हैं।

**पांडे की राष्टीय अध्यक्ष...** भी गदरपुर पहुंचकर विधायक पांडे के आवास पर मिले थे। दोनों नेताओं के बीच करीब 30 मिनट तक बंद कमरे में चर्चा हुई थी। पार्टी सूत्रों का कहना है कि प्रदेश संगठन से जुड़े संदेश और जमीनी फीडबैक को लेकर यह बैठक महत्वपूर्ण रही। हालांकि विधायक अरविंद पांडे ने राष्ट्रीय अध्यक्ष से हुई मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया है, लेकिन राजनीतिक गलियारों में इसे संगठनात्मक समन्वय और क्षेत्रीय समीकरणों से जोड़कर देखा जा रहा है। स्थानीय स्तर पर भी इस मुलाकात को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्सुकता और चर्चा बनी हुई है। बताया जा रहा है कि विधायक पांडे फिलहाल दिल्ली में ही मौजूद हैं और पार्टी नेतृत्व के साथ आगे की बैठकों की संभावना से इनकार नहीं किया जा रहा है। आने वाले दिनों में इस मुलाकात के राजनीतिक संकेत और अधिक स्पष्ट हो सकते हैं।

**ई रिक्शा और बाइक..**एंबुलेंस के माध्यम से किच्छा स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। अस्पताल में गंभीर घायलों का उपचार करने के बाद चिकित्सकों ने नाजुक स्थिति को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही घायलों के रिश्तेदार और परिचित भी अस्पताल पहुंच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शेरगढ़ से आ रहा टुकटुक सर्विस लाइन पर जा रहा था, इसी दौरान किच्छा से नवीन मंडी को जा रहे मोटरसाइकिल चालक एवं उसमें सवार महिला ने सब्जी मंडी को जाने वाले रास्ते को क्रॉस करने का प्रयास किया। इसी दौरान तेज गति से आ रहे दोनों वाहन एक-दूसरे से भिड़ गए और पलट गए, जिससे घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई।गंभीर रूप से घायलों में नन्ही पत्नी कल्लू 45 वर्ष, शिवानी पुत्री कल्लू, शिवानी पुत्री महेंद्र 18 वर्ष, आशा पत्नी उदय सैन निवासी शेरगढ़, अंश पुत्र चरण और संतोष पत्नी चरण निवासी उत्तरांचल कॉलोनी किच्छा को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। वहीं शेरगढ़ निवासिनी बाल्मीकि पुत्री जयराम, लक्ष्मी पुत्री सूरजपाल, निशा पुत्री सूरजपाल, सन्नो पुत्री बुध सिंह और कीर्ति पुत्री बुद्धसेन का स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार किया जा रहा है। सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही उप निरीक्षक जगदीश मेहरा, कांस्टेबल दीपक कुमार, हेड कांस्टेबल कुलदीप, कांस्टेबल हरेंद्र और दरऊ चौकी प्रभारी उप निरीक्षक पवन जोशी ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर जायजा लिया तथा अस्पताल जाकर घायलों का हालचाल जाना।

**जिम के ताले टूटे...** में बताया कि दानपुर में उनका 'हस्लर जिम' नाम से प्रतिष्ठान है। बीती 14 सितंबर 2025 की रात लगभग 2:30 बजे एक अज्ञात चोर ने जिम में घुसकर धावा बोल दिया। चोर वहां से दो इन्वर्टर, दो बैटरियां, वूफर, वाई-फाई राउटर, एसी की कीमती वायर और मंदिर में रखी पीतल की सभी मूर्तियां चोरी कर ले गया। इतना ही नहीं, चोर ने जिम का गल्ला तोड़कर उसमें रखे लगभग 20 हजार रुपये की नगदी भी उड़ा ली। मनीष मेहता के अनुसार, चोरी की कुछ घटना जिम में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हुई है। सीसीटीवी फुटेज में एक अज्ञात व्यक्ति चोरी करते हुए दिखाई दे रहा है, लेकिन वारदात के दौरान ही चोर ने जिम का मुख्य विद्युत कनेक्शन काट दिया था, जिससे पूरी रिकॉर्डिंग नहीं हो पाई। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंपकर आरोपी की गिरफ्तारी और सामान की बरामदगी की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की तलाश की जा रही है।

**टेंट हाउस के गोदाम...** बहादुर यादव ने बताया कि सूचना मिलते ही मायापुर फायर स्टेशन से दमकल की यूनिटें तत्काल मौके के लिए रवाना की गईं। घटनास्थल पर पहुंचने पर पाया गया कि दुकान के अंदर आग तेजी से फैल चुकी थी और चारों ओर घना धुआं भर गया था। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के साथ आग को फैलने से रोका, जिससे आसपास की दुकानों और मकानों को नुकसान होने से बचा लिया गया। आग इतनी भीषण थी कि टेंट, कपड़े, सजावटी सामग्री और अन्य उपकरण पूरी तरह जल गए। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार इस हादसे में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। नुकसान का आंकलन किया जा रहा है और आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है, हालांकि प्राथमिक तौर पर शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है।

**वरिष्ठ नेताओं संग...**किच्छा, बनबसा और टनकपुर रेलवे परिसरों में संचालित छोटी दुकानों का किराया हाल ही में रेलवे विभाग द्वारा कई गुना बढ़ा दिया गया था। अचानक हुई इस बढ़ोतरी से स्थानीय दुकानदारों और छोटे व्यापारियों में रोष और चिंता का माहौल था। कई व्यापारियों ने इसे आजीविका पर सीधा असर बताते हुए जनप्रतिनिधियों से हस्तक्षेप की मांग की थी। इसी क्रम में रेल मंत्री से मुलाकात के दौरान गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी और हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत भी उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री के समक्ष विस्तार से पूरा मामला रखा और बताया कि किराया वृद्धि की दर असंगत है, जिससे छोटे कारोबारी आर्थिक संकट में आ सकते हैं। बैठक में विधायक पांडे ने आग्रह किया कि पूर्व निर्धारित किराया दरों पर ही अधिकतम 5 से 10 प्रतिशत तक की सीमित वृद्धि की जाए, ताकि रेलवे की आय भी प्रभावित न हो और छोटे दुकानदारों पर अतिरिक्त बोझ भी न पड़े। मामले की गंभीरता को देखते हुए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को पूरे प्रकरण की पुन: समीक्षा को कहा गया है। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि जनहित को प्राथमिकता देते हुए संतुलित निर्णय लिया जाएगा। विधायक अरविंद पांडे ने इसे जनहित की बड़ी सफलता बताते हुए कहा कि क्षेत्र के छोटे व्यापारियों के हितों की रक्षा उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने जनपद उधम सिंह नगर की जनता की ओर से रेल मंत्री का आभार व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि जल्द ही दुकानदारों को राहत मिलेगी।

**एसएसपी ने परेड में ...**पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण भी किया गया। बैरक, भोजनालय, शस्त्रागार एवं साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नियमित साप्ताहिक परेड से पुलिस बल में अनुशासन, फिटनेस एवं कर्तव्यनिष्ठा सुदृढ़ होती है, जो जनपद में प्रभावी कानून-व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस दौरान पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे।

**कंपनी के ४.८६ लाख...**बिना बताए गायब हो गया। रविन्द्र का कहना है कि उन्होंने इस गबन और धोखाधड़ी के संबंध में 27 नवंबर 2025 को थाना रूद्रपुर में तहरीर दी थी और 1 दिसंबर 2025 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर को भी डाक के माध्यम से शिकायत भेजी थी। इसके बावजूद पुलिस ने मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की और न ही मुकदमा दर्ज किया। अंतत: थक-हारकर प्रार्थी ने धारा 175 (3) बीएनएसएस के तहत न्यायालय में न्याय की गुहार लगाई। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, रुद्रपुर ने मामले की गंभीरता और तथ्यों को देखते हुए थाना रुद्रपुर को तत्काल रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए। कोर्ट के आदेश के अनुपालन में पुलिस ने आरोपी पंकज गंगवार के खिलाफ धोखाधड़ी और अमानत में खयानत की धाराओं में मामला पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# आज तक नहीं बन पाया 'तेरह की आपदा' में बहा झूला पुल

## तार पर लटकती ट्रॉली ( गरारी ) के सहारे गोरी नदी को पार करने को विवश ग्रामीण

-अर्श-

पिथौरागढ़। उत्तराखंड के सुदूर पहाड़ी अंचलों के अनेक गांव राज्य निर्माण के ढाई दशक बाद भी परिवहन की समुचित सुविधा के लिए तरस रहे हैं। इन क्षेत्रों के लोग झूला पुल, ट्रॉली और नाव जैसे परंपरागत परिवहन के साधनों के सहारे जैसे तैसे गुर्जर बसर कर रहे हैं। सीमांत जिले पिथौरागढ़ के घरुड़ी और मनकोट गांव का झूला पुल वर्ष 2013 की भीषण आपदा में बह गया था ,तभी से इन गांवों के तकरीबन 300 ग्रामीण जान जोखिम में डालकर तार पर लटकती ट्रॉली (गरारी) के सहारे गोरी नदी को पार करते हैं। पुल न होने के कारण बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक को रोजाना नदी के ऊपर लटककर सफर करना पड़ता है। अब तक इस ट्रॉली से गिरकर तीन लोगों की मौत भी हो चुकी है। उसके बाद भी हाल जस के तस बने हुए हैं।2013 की भीषण आपदा में यहां बना झूला पुल बह गया था। जिसके बाद इन गांवों का संपर्क बाकी दुनिया से कट गया। राहत के तौर पर लगाई गई ट्रॉली पिछले 12 सालों से ग्रामीणों की जीवनरेखा बनी हुई है। घरुड़ी और मनकोट तोक गोरी नदी के उस पार बसे हैं। लिहाजा ,नदी पार किए बिना ग्रामीणों का बाकी दुनिया से संपर्क पहाड़ चढ़ने के समान है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2013 की आपदा में यहां गोरी नदी पर बना झूला पुल बह गया था।



नतीजतन इन गांवों के लोगों का संपर्क बाकी दुनिया से कट गया था और ग्रामीण कई दिनों तक घरों में फंसे रह गए थे। ग्रामीणों को राहत देने के लिए अस्थाई समाधान के रूप में नदी के ऊपर तार डालकर ट्रॉली की व्यवस्था की गई थी। फिलहाल यह ट्राली ही इस इलाके की जीवन रेखा बनी हुई है। इस क्षेत्र के ताजा हालात ऐसे हैं कि राशन, दवा, स्कूल, बाजार और सरकारी कामकाज, हर जरूरत के लिए लोगों को इसी ट्रॉली का सहारा लेना पड़ता है। बरसात के मौसम में नदी का जलस्तर बढ़ने और तेज बहाव के कारण यह सफर और भी भयावह हो जाता है। बरसात के मौसम में गोरी नदी पूरे उफान पर होती है। तेज बहाव, फिसलन और हवा के बीच ट्रॉली से पार करना और भी जोखिम भरा हो जाता है। ट्राली के द्वारा नदी पार करते समय कई बार लोगों के दिल की धड़कन तेज हो जाती है और वह बीच रास्ते में ही घबराहट महसूस करने लगते हैं। इलाके के रहवासियों का कहना है कि बारिश में जब तक सुरक्षित दूसरी ओर नहीं पहुंच जाते, तब तक परिवार के लोग चिंतित रहते हैं। अगर समय रहते यहां पर यहां पुल नहीं बना तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। बताया जा रहा है कि जोखिम के इस सफर में आज तक तीन लोगों की ट्राली से गिरने के कारण मौत हो चुकी है। अब देखने वाली बात यह होगी कि इलाके के ग्रामीण ग्रामीणों का ट्रॉली और तार के सहारे जीवन का यह जोखिम भरा सफर कब तक जारी रहता है ?






# भाजपा जिला कार्यशाला में चुनाव के लिए बनाई रणनीति

रुद्रपुर। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान' के अंतर्गत जिला कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। दीप प्रज्वलन और वंदे मातरम् के ओजस्वी स्वरों के साथ शुरू हुई इस बैठक में संगठन की वैचारिक सुदृढ़ता और आगामी चुनावी चुनौतियों को देखते हुए रणनीतिक कौशल पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी मात्र एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक जीवंत विचार है। हमारी असली शक्ति हमारे अनुशासित कार्यकर्ता हैं। आज इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठन की रीति-नीति से अवगत कराना और उन्हें आगामी चुनौतियों के लिए तैयार करना है। हमें केवल चुनाव जीतने के लिए काम नहीं करना है, बल्कि सेवा ही संगठन के मंत्र को आत्मसात करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है। जिला इकाई का लक्ष्य है कि आगामी समय में हर बूथ पर हमारी सक्रियता और अधिक सशक्त नजर आए।मुख्य वक्ता और प्रदेश महामंत्री तरण बंसल ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 'एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांतों पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण अभियान किसी भी संगठन की रीढ़ होता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने जिस एकात्म मानववाद का दर्शन हमें दिया, वह आज पूरे विश्व के लिए प्रासंगिक है। एक कार्यकर्ता को वैचारिक रूप से इतना सक्षम होना चाहिए कि वह विपक्षी दलों के भ्रामक प्रचार का उत्तर तर्कों के साथ दे सके। संगठन को बूथ स्तर तक अभेद्य बनाने के लिए हमें तकनीक और संवाद का बेहतर समन्वय करना होगा। जिला प्रभारी राकेश नैनवाल ने प्रशिक्षण की प्रासंगिकता बताते हुए कहा कि ऐसे अभियानों से कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ता है और कार्यक्षमता में वृद्धि होती है। बैठक में संगठनात्मक विषयों, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा जनसंपर्क अभियान पर विस्तृत चर्चा की गई। अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने एवं पार्टी को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक उपाध्यक्ष इंद्रपाल मान जिला उपाध्यक्ष श्री पाल राणा जिला कोषाध्यक्ष रोशन अरोरा, ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्य,अनिल सिंह, योगेश वर्मा महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री रश्मि






तरुण दत्ता, जिला महामंत्री रमेश जोशी, पूर्व जिला अध्यक्ष विवेक सक्सेना, रुद्रपुर मेयर विकास शर्मा, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या, कार्यक्रम के सह संयोजक जिला उपाध्यक्ष अमित पांडेय, जिला उपाध्यक्ष हिमांशु शुक्ला ,सह संयोजक जिला उपाध्यक्ष अमित नारंग, जिला रस्तोगी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी कार्यक्रम सह संयोजक प्रीती धीर, जिला मंत्री अक्षय अरोरा, जिला मंत्री प्रमोद मित्तल, मीडिया संयोजक विजय तोमर, सोशल मीडिया संयोजक अक्षय गेहलोत,सहित मोर्चा के जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री एवं तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ियों का चयन कल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राज्य के पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए एक सुनहरा अवसर सामने आया है। तीसरी



उत्तराखंड राज्य पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026 एवं राष्ट्रीय चयन ट्रायल का आयोजन 28 फरवरी 2026 को मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण खेल आयोजन का संयुक्त रूप से आयोजन पैरालंपिक एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड एवं सहयोगी संस्था डिसेबल्ड स्पोर्टिंग सोसायटी उत्तराखंड द्वारा किया जा रहा है। इस राज्य स्तरीय चौंपियनशिप व चयन ट्रायल के माध्यम से चयनित खिलाड़ी 6 से 10 मार्च 2026 तक तेलंगाना में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन चौंपियनशिप में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।प्रतियोगिता में राज्य के साथ-साथ राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुके पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी भी भाग लेंगे, जिससे प्रतियोगिता का स्तर और अधिक ऊंचा होगा। चौंपियनशिप के दौरान विभिन्न श्रेणियों में रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे, जहां खिलाड़ी अपनी तकनीक, फिटनेस, रणनीति और मानसिक दृढ़ता का प्रदर्शन करेंगे। वहीं चयन ट्रायल के दौरान विशेषज्ञ चयन समिति द्वारा खिलाड़ियों के समग्र प्रदर्शन का सूक्ष्म मूल्यांकन किया जाएगा, ताकि राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पैरा खिलाड़ी प्रेरणा के स्रोत हैं। सीमित संसाधनों और चुनौतियों के बावजूद जिस समर्पण और जज्बे के साथ ये खिलाड़ी खेलते हैं, वह पूरे समाज के लिए उदाहरण है। उद्देश्य है कि उत्तराखंड के पैरा खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रदेश का नाम रोशन करें और इसके लिए संस्था हर संभव सहयोग देती रहेगी। प्रतियोगिता के संयोजक हरीश चौधरी ने कहा कि यह आयोजन केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं बल्कि समावेशी खेल संस्कृति को सशक्त करने और पैरा खिलाड़ियों को मुख्यधारा के खेल मंच से जोड़ने की दिशा में एक मजबूत कदम है।इससे खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और उन्हें राष्ट्रीय- अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

# हल्द्वानी में होली का रंग 4 मार्च को

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। होली के पावन पर्व से पूर्व गुरुवार को होली ग्राउंड मंगल पड़ाव में पंडित गोपाल दत्त भट्ट द्वारा रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों, सदस्यों व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर होलिका की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। उन्होंने बताया कि होलिका का दहन आगामी दो मार्च की रात्रि किया जायेगा तथा चार मार्च को अबीर गुलाल के साथ होली पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। पूजा अर्चना के दौरान नगर मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई, विवेक कश्यप, प्रेम बेलवाल, गोविंद बगड़वाल, राजेन्द्र सिंह बिष्ट, मनोज गुप्ता व रूपेन्द्र नागर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

